2019

(MIL Communication)

HINDI

Paper : HIN–AE–1014

(Hindi Vyakaran Aur Sumpreshan)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

   (क) वर्ण किसे कहते हैं?

   (ख) प्रेरणार्थक क्रिया क्या है?

   (ग) अकर्मक क्रिया की परिभाषा दीजिए।

   (घ) अव्यय किसे कहा जाता है?

   (ङ) जातिवाचक संज्ञा का एक उदाहरण दीजिए।

   (च) उपसर्ग किसे कहा जाता है?

   (छ) प्रत्यय के भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ज) समास के कितने भेद हैं?

(झ) मुहावरा क्या है?

(ञ) लोकोक्ति से क्या तात्पर्य है?

2. निम्नलिखित के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) संख्यावाचक विशेषण किसे कहते हैं? एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

पति ; सूर्य

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

राम ने रोटी खाये।
मैंने कल वापस लौटा।

(घ) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

अंग-अंग ढीला होना

(ङ) निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए :

काला अक्षर भैंस बराबर
जल में रहकर मगर से बैर

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) हिन्दी के स्वर वर्णों पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) संज्ञा के कार्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) उपसर्गों (संस्कृत से गृहीत) पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) समास, सामासिक पद और समास-विग्रह से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'सम्प्रेषण' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

(च) उत्कृष्ट संक्षेपण के लिए आवश्यक गुणों पर विचार कीजिए।

4. हिन्दी के व्यंजन वर्णों का उल्लेख करते हुए स्थान एवं प्रयत्न की दृष्टि से उनके उच्चारण पर विचार कीजिए। 10

अथवा

सर्वनाम के भेदोपभेद पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

5. विशेषण के भेदों का उदाहरण सहित परिचय दीजिए। 10

अथवा

प्रत्ययों के प्रयोग पर सम्यक् विवेचन कीजिए।

6. 'विलोम शब्द' और 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 10

अथवा

शब्द और वाक्य के स्तर पर होने वाली अशुद्धियों पर उदाहरणों के साथ विचार कीजिए।

7. सम्प्रेषण के प्रकार एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

निम्नलिखित अवतरण का पल्लवन कीजिए :

राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।

★★★